




नवभारत
भोपाल, बुधवार, 06 अगस्त, 2025


## एक नजर में




### जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बुधनी.** हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर पीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार ललित सोनी को सौंपा. ज्ञापन में कहा है कि हालिया घटनाओं जैसे बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई सांप्रदायिक हिंसा, पहलगाम में आतंकी हमले और धर्मांतरण जैसे मामलों में जनसंख्या असंतुलन पर चिंता जताई गई. संगठन ने यह भी मांग की है कि डीएनए परीक्षण के आधार पर देश में रह रहे अवैध घुसपैठियों, विशेषकर बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर किया जाए. यह कानून केवल हिंदू समाज की सुरक्षा नहीं बल्कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकास के लिए आवश्यक है. इस मौके पर जगवीर राजवंशी, अजय, पंकज जाट, यशवंत साहू, कुबेर ठाकुर, शनित ठाकुर, निमंतराम प्रजापति, जसवंत, अंकित, किशोर भट्ट, शीतल जैन, गणेश गौर, हिमांशु, राजेश मांझी, मुकेश अहिरवार आदि उपस्थित थे.



### मच्छरजनित बीमारी को लेकर दवाई का छिड़काव

**बुधनी.** बीते दिनों हुई बारिश थमने के बाद मौसम साफ होते ही निकलने वाली तेज धूप, मौसम में तब्दीली और उमस के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है. मौसम में बदलाव के साथ नगर में मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ने लगा है. नगर सहित क्षेत्र में बारिश रूकने के बाद अब लोग उमस से परेशान हैं. जलभराव से नगर में मच्छर पनपने लगे हैं. मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. इनसे निजात दिलाने के लिए नगर परिषद के द्वारा नगर के वार्डो में कीटनाशक का छिड़काव कराया जा रहा है. नपाध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय एवं सीएमओ संतोष रघुवंशी, शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा विभिन्न प्रकार की बीमारियों से रोकथाम के लिए नगर के वार्डों में कीटनाशक दवाई का छिड़काव लगातार करवाया जा रहा है.



### मंत्री डॉ. शाह ने छात्राओं से बंधवाई राखी

**सीहोर.** कन्या शिक्षा परिसर में रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह शामिल हुए. कार्यक्रम में मंत्री डॉ शाह ने छात्राओं से राखी बंधवाई. इस अवसर पर मंत्री डॉ. शाह ने छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए कहा बेटियों को अधिक से अधिक शिक्षित होकर अपने देश के विकास में योगदान देना चाहिए. सरकार बेटियों की शिक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है. उन्होंने व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए. कार्यक्रम में छात्राओं ने जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक अरविंद कुशवाहा, प्रबंधक सत्येंदर शर्मा, प्राचार्य, शिक्षकों को भी राखियां बांधी.




### पत्रकारों से बदतमीजी करने वाली महिला कर्मचारी को हटाया

**बुधनी.** सिविल अस्पताल में पत्रकारों ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया. एक दिन पहले अस्पताल की महिला कर्मचारी द्वारा मीडियाकर्मी से की गई अभद्रता के विरोध में नगर के सभी पत्रकार एकजुट होकर अस्पताल गेट पर धरने पर बैठ गए. नारेबाजी के साथ प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी जताई गई. प्रदर्शनकारियों का कहना था कि एक मीडियाकर्मी पत्नी को दिखाने अस्पताल आया था. लेकिन दवा वितरण कक्ष में जाने पर महिला कर्मचारी ने न सिर्फ बदतमीजी की. बल्कि उसका वीडियो बनाकर झूठे आरोप लगाने की धमकी दी. इस घटना से पूरे पत्रकार समुदाय में आक्रोश है. वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा ने कहा हम पत्रकार हैं, न कि अपराधी. हमारे साथ ऐसा बर्ताव हो रहा है तो आम नागरिकों का क्या हाल होगा. प्रशासन की चुप्पी पर भी सवाल उठाए गए और आरोप लगाया गया कि अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. जिससे लापरवाह कर्मचारियों को मौन समर्थन मिल रहा है. धरने के बाद बीएमओ मौके पर पहुंचे और स्थिति को देखते हुए संबंधित महिला कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दे दिए गए. पत्रकारों ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई गई तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा.

### जनसंख्या नियंत्रण व अन्य मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सीहोर.** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल प्रमुख अतुल राठौर के निर्देशन में जिलाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भगवा झंडों के साथ बस स्टेंड से कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर आनंद रजावत को सौंपा. ज्ञापन में मांग की गई है कि जनसंख्या को नियंत्रित किए जाने, बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठियों पर कार्रवाही किए जाने सहित एक से अधिक पत्नियों से दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले लोगों को आजीवन कारावास की कठोर सजा दिए जाने और हिन्दु लड़कियों को मुस्लिम बनाने वाले छांगुर बाबा जैसे लोगों को सीधे फांसी देने की मांग की .जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा ने कहा कि बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुए दंगों में हिंदुओं को मारा गया. पहलगाम में विशेष समुदाय ने हिन्दूओं को मार डाला. बांग्लादेश में हिन्दुओं का नरसंहार किया जा रहा है. छांगुर जैसे लोग नकली बाबा बनकर विदेशी धन के बल पर हिन्दू युवतियों को धर्मांतरण करा रहे हैं .इन पर सख्त कार्रवाई की जाए.

# श्रद्धालुओं के अपार सैलाब में बहीं धाम की व्यवस्थाएं

## आयोजन के पहले ही कुबेरेश्वर धाम पर मची भगदड़ में दो महिलाओं की मौत, कई घायल, आज निकलेगी विशाल कांवड़ यात्रा

- आयोजन समिति, प्रशासन की व्यवस्था के दावों की खुली पोल
- रात तक एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं का शहर में जमावड़ा





**सीहोर.** कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए मंगलवार को हजारों श्रद्धालओं का आना जारी रहा, जिससे कुबेरेश्वर धाम खचाखच भरा गया था .वहीं स्टेट हाईवे पर भी यातायात का भारी दबाव बना रहने से बार-बार जाम लगता रहा.

नवभारत न्यूज

**सीहोर. बुधवार को निकाली जाने वाली कावड़ यात्रा एक दिन पहले ही अव्यवस्थाओं के साए में घिरती नजर आई. कुबेरेश्वर धाम पर भारी भीड़ के जमा होने से मंगलवार को मची भगदड़ में दो महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई तो कई महिलाएं घायल हो गईं. एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है. इसके अलावा गर्मी व उमस से भी बीमार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.**

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा बुधवार को कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. इसमें शामिल होने के लिए देश के कोने- कोने से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला तीन-चार दिन से बना हुआ है. धाम पर ही हजारों लोगों की भीड़ मौजूद है.

इसके बाद भी यहां श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं. मंगलवार को धाम की खामियां उस वक्त उजागर हो गईं जब दो महिलाओं की मौत हो गई. बताया जाता है कि कुबेरेश्वर धाम के प्रांगण में बने काउंटर से रुद्राक्ष का वितरण किया जा रहा था. भीड़ को बढ़ता देख समिति के कार्यकर्ताओं ने रुद्राक्ष वितरण बंद कर दिया. इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच हुई धक्कामुक्की के बाद भगदड़ के हालात बन गए. इसमें दो महिलाओं की मौत हो गई. दोनों को धाम की एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. एक महिला की शिनाख्त 56 वर्षीय जसवंती बहन ओमनगर, राजकोट, गुजरात के रूप में हुई है. घटना के बाद धाम पर डीआईजी भोपाल ग्रामीण ओपी त्रिपाठी, कलेक्टर बालागुरु के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला सहित अन्य अधिकारी पहुंच गए थे.

कुबेरेश्वर धाम पर जब भी कांवड़ यात्रा, कथा एवं अन्य कोई बड़े आयोजन के दौरान रुद्राक्ष वितरण के लिए पाबंदी जिला प्रशासन द्वारा लगाई गई, क्योंकि 17 मई 2023 को रूद्राक्ष महोत्सव के दौरान यहां पर रूद्राक्ष लेने के लिए भगदड़ मच गई थी, जिससे एक महिला की मौत होने के साथ कई श्रद्धालु घायल हो गए थे, जिसके बाद यह प्रतिबंध समिति पर लगाया गया था, लेकिन कुबरेश्वर धाम का प्रबंधन कार्य देख रही विटठलेश सेवा समिति द्वारा बार बार प्रशासन के आदेशों की अवहेलना की जा रही है, इससे हादसे हो रहे हैं. समिति द्वारा श्रद्धालुओं की संख्या और यहां की व्यवस्थाओं का जो दावा किया जाता है, वह हर बार गलत साबित होता है. रूद्राक्ष महोत्सव और शिव महापुराण के दौरान अव्यवस्था बनी रहती है.

### श्रद्धालुओं का कहना, कार्यकर्ताओं ने बरसाए डंडे

हादसे के बाद मौके पर पहुंचे नवभारत संवाददाता से चर्चा के दौरान मुंबई से आए दो श्रद्धालुओं ने बताया कि सुबह के समय काउंटर से रुद्राक्ष वितरण किया जा रहा था, इस दौरान अधिक भीड़ होने से अफरा तफरी मच गई, अव्यवस्था होने के कारण जब भीड़ काबू नहीं हुई तो यहां तैनात समिति के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं की कांवड़ के डंडे छीनकर उन्हीं पर बरसाना शुरू कर दिए. इससे कुछ महिला श्रद्धालुओं को चोट भी आई है. इससे प्रबंधन को लेकर श्रद्धालुओं में काफी आक्रोश भी देखा गया.

### व्यवस्थाओं को किया है सुदृढ़

कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए हैं, जिनकी व्यवस्थाओं के लिए समिति और प्रशासन लगा हुआ है, कांवड़ यात्रा से एक दिन पूर्व सुबह के समय धाम परिसर में 2 महिलाओं की मौत हुई है, प्रशासन व्यवस्थाओं में पूरी तरह से मुस्तैद है.

**दीपक कुमार शुक्ला**
पुलिस अधीक्षक

### तय समय से 10 घंटे पहले ही किया मार्ग परिवर्तित

कावड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए मार्ग डायवर्सन किया गया है. कांवड़ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए मंगलवार रात्रि 12 बजे से 6 अगस्त के रात्रि 12 बजे तक मार्ग डायवर्सन किया गया था, लेकिन मंगलवार को सुबह से यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए दोपहर से ही यातायात को परिवर्तित कर दिया गया है. भोपाल तरफ से आने वाले भारी वाहन थाना-परवलिया अंतर्गत मुबारकपुर जोड़ एवं थाना-खजूरी अंतर्गत तुमड़ा जोड़ से होकर श्यामपुर-कुरावर-ब्यावरा-शाजापुर-मक्सी से होकर देवास इंदौर जा रहे हैं. इसी प्रकार देवास, इंदौर से आने वाले भारी वाहन देवास से मक्सी-शाजापुर-ब्यावरा-कुरावर-श्यामपुर होते हुए भोपाल जा रहे हैं. भोपाल से आष्टा-देवास-उज्जैन-इंदौर जाने वाले छोटे वाहन एवं सवारी वाहन सीहोर न्यू क्रिसेंट चौराहा से भाऊखेड़ी जोड़ से अमलाहा होते हुए आष्टा, देवास, उज्जैन, इंदौर जा रहे हैं. इंदौर-उज्जैन-देवास से भोपाल जाने वाले वाहन आष्टा-अमलाहा-भाऊखेड़ी जोड़-न्यू क्रिसेंट चौराहा होते हुए भोपाल जा रहे हैं.

## मंच ने फूंका प्राचार्य के खिलाफ बिगुल

नवभारत न्यूज

**आष्टा.** हिन्दू जागरण मंच के तत्वाधान में सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य के खिलाफ नागरिकों ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया. यह प्रदर्शनमंच के कालू सोनी के नेतृत्व में आयोजित किया गया. मंच के प्रदर्शनकारियों ने विद्यालय प्रबंधन और क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ भी तीखी नारेबाजी की.

हिंदू जागरण मंच की नाराजगी का कारण हाल ही की वह घटना है, जिसमें विद्यालय के कुछ छात्रों के बीच गंभीर मारपीट हुई थी. मंच का आरोप है कि इस मामले में प्राचार्य द्वारा कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई और प्रशासन भी मूकदर्शक बना रहा. कालू सोनी ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में अनुशासनहीनता



बढ़ती जा रही है और छात्रों की सुरक्षा खतरे में है. उन्होंने यह भी कहा कि विधायक द्वारा अब तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया, जिससे जनता में आक्रोश व्याप्त है. धरने में बड़ी संख्या में नागरिक, मंच के कार्यकर्ता और अभिभावक शामिल हुए. मंच ने चेतावनी दी कि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा. इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है.

## नकबजनी और चोरी के तीन आरोपियों से माल बरामद

- तीन मुख्य आरोपियों के अलावा दो सुनार भी आए लपेटे में
- लाखों का सोना,चांदी और नगदी भी बरामद

नवभारत न्यूज

**इछावर.** पुलिस ने सात नकबजनी की वारदात सहित एक एटीएम में चोरी का प्रयास करने की वारदात का खुलासा करते हुए 3 मुख्य आरोपी सहित कुल 5 आरोपी गिरफ्तार 24 लाख का माल बरामद किया गया है. साथ ही चोरी में प्रयुक्त दो बाइक एवं औजार जप्त किए गए.

चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि इछावर क्षेत्र में 2 जून से 1 अगस्त के मध्य कुल 7 नकबजनी की घटनाएं दर्ज की गई. जिनमें अज्ञात आरोपियों द्वारा रात्रि में घरों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी चोरी की गई. पहली चोरी पर्वत सिंह प्रजापति के मकान सेजेवरात व नगदी, दूसरी चोरी इंदर सिंह ठाकुर के मकान में, तीसरी चोरी सलोनी वर्मा के मकान में, चौथी चोरी गजराज सिंह के मकान में, पांचवी चोरी जितेन्द्र पंवार के यहां, छठवीं चोरी ऋषिकांत अग्रवाल के मकान में एवं सातवीं चोरी की घटना अनार सिंह के मकान में घटित हुई थी. पुलिस ने इस आपराधिक गिरोह के तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर किया है. साथ ही दो स्वर्णाभूषण व्यवसायी जो चोरी का सामान खरीदते थे, उन्हें भी गिरफ्तार कर किया है. पुलिस ने संदेही अंकुर



वर्मा, गोलू उर्फ अभिषेक वर्मा एवं नीरज वर्मा को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की तो आरोपियों ने अन्य घटनाओं में भी चोरी करना स्वीकार किया. चोरी का माल इछावर के दो सर्राफा व्यवसायी पियूष उर्फ गब्बर सोनी एवं सुमित सोनी को बेचना बताया. जिन्हें भी गिरफ्तार किया गया.

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 12 तोला सोना, 2.50 किलोग्राम चांदी, 9 लाख 05 हजार रुपए नगद कुल माल 24 लाख 5 रुपए एवं 2 बाइक सहित वारदात में प्रयुक्त किए गए औजार भी बरामद किए हैं.

## सोने की जगह पीतल बेचने वाला धराया

- तीन साल से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर था फरार
- 7 .35 लाख रुपए की ठगी को दिया था आरोपी ने अंजाम

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** मण्डी थाना अन्तर्गत ठगी के मामले में पीतल को सोना बताकर बेचने वाले आरोपी को पुलिस ने तीन साल बाद गिरफ्तार कर लिया है. न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेजा गया.

मंडी थाने में दर्ज धारा 420 के आरोपी 71 वर्षीय याकूब उर्फ माकूब पिता बाबूखां बेलदार निवासी जूना पानी हाल मुकाम



रोशनपुरा कुड़ी द्वारा वर्ष 2022 में पीतल की ईंटे बिस्कुट को सोना बताकर 7 लाख 35 हजार रुपए की ठगी की गई थी. घटना के बाद से ही आरोपी फरार हो गया था. आरोपी का पता बताने पर एसपी द्वारा 2 हजार रुपए का ईनाम भी घाषित किया गया था. मुखबिर की सूचना पर फरार आरोपी याकूब उर्फ माकूब को गिरफ्तार किया है.

## पोषण दिवस के तहत किया टीकाकरण

**सीहोर.** जिले भर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया. मंगलवार को शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 491 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 230 बच्चों का टीकाकरण किया गया. इसके साथ ही 76 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया. स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है. जिसमें स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है.

## राज्य कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी गठित

नवभारत न्यूज

**बुधनी.** राज्य कर्मचारी संघ द्वारा विकासखण्ड में कार्यकारिणी का गठन जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार आर्य एवं जिला अध्यक्ष कुंदन लाल राय, पूर्व संभागीय अध्यक्ष गोपाल सिंह ठाकुर जिला सचिव संतोष सिंह के निर्देशन में निर्वाचन प्रक्रिया के तहत सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित की गई.

कार्यकारिणी में ब्लॉक अध्यक्ष हरदयाल सिंह आजाद, सचिव सुरेंद्र जामलिया व कोषाध्यक्ष सुरेश बाकरिया को निर्वाचित किया गया. इसी प्रकार तहसील अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, सचिव माखनलाल यादव, कोषाध्यक्ष बाबूलाल धुर्वे व तहसील रेहटी में अध्यक्ष सुधीर नागर जनशिक्षक, सचिव अरविंद लोवंशी, कोषाध्यक्ष दीपक वर्मा निर्विरोध निर्वाचित किए गए.

इस मौके पर बीईओ डॉ.शशि सिंह, बीआरसी मणिशंकर शर्मा, प्राचार्य सुधा सालोमन, डॉ.ओपी यादव, नवीन तनेजा, आर के मिश्रा, नरेन्द्र डाले, एमपी दायमा, टीआर कीर, एके देवलिया गोपाल सोनी, ब्रजेश शर्मा, डीएस राणा, कमल मालवीय, यशवंत सिरसवाल, शैलेन्द राजपूत, रामदास बनवारी, आरवी उदयपुरिया, सतीश गौर, रामदास पचारे, जालमसिंह ठाकुर, केके विश्वकर्मा आदि ने बधाई दी है.

**विरोध प्रदर्शन** — दर्जनों गांवों की महिलाओं ने रैली निकालकर पीएम व सीएम के नाम विद्युत मंडल के अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में महिलाओं ने की जमकर नारेबाजी

नवभारत न्यूज

**बिलकिसगंज.** ग्राम के विद्युत वितरण केंद्र पर दर्जनों गांव की लाड़ली बहनों ने रैली निकाल कर विद्युत वितरण केंद्र का घेराव कर बिजली मीटर के विरुद्ध धरना दिया.

विद्युत मंडल ऑफिस में ग्राम बिलकिसगंज से लगे ग्राम रामाखेड़ी, हीरापुर, कुलांसकला, बरखेड़ी, चंदेरी, रलावती, उलझावन, पिपलिया मीरा, खेड़ली की महिलाओं ने मंगलवार को रैली निकालकर अपने हाथों में तख्तियां लिए हुए स्मार्ट मीटर बंद करने की आवाज उठाई. महिलाओं का कहना है कि पहले पुराने बिजली मीटर से 100 रुपए से लेकर 500 रुपए तक एक माह का बिल आता था. परन्तु अब जो नए बिजली मीटर से 5 हजार रुपए से लेकर 10 हजार रुपए तक रिडिंग बना रहे हैं. इन भारी भरकम बिलों का भुगतान कर-करके हम बर्बाद हो रहे हैं. लाड़ली बहनों को सरकार द्वारा जो 1250 रुपए दिए जा रहे थे. वह लाड़ली बहनों के मिलते हैं वह सब यह लाड़ले बिजली मीटर में चले जाते हैं. हम परेशान हैं, दुखी हैं हमारे घरों पर यह लाड़ले मीटर न लगाया जाए और जिन लाड़ली बहनों के घर यह मीटर लग गया है वह मीटर निकाले जाए.

लाड़ली बहनों ने यह भी मांग रखी कि अभी हमें गरीब 150 यूनिट बिजली पर सब्सिडी मिलती है. अब हमें 300 यूनिट बिजली की सब्सिडी प्रदेश सरकार द्वारा दी जाए और हम लाड़ली बहनें प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री एवं हमारे क्षेत्र के सांसद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से यह मांग कर रहे हैं कि हम लाड़ली बहनें बहुत दुखी और परेशान हैं. रक्षाबंधन मनाएं या लाड़ले मीटर का हजारों का बिल चढ़ाएं.

लाड़ली बहनों की रैली 2 घंटे पूरे क्षेत्र में होते हुए विद्युत मंडल



ऑफिस पहुंचकर घेराव किया और धरने पर बैठ गई. विद्युत मंडल के अधिकारी राम पाली को पीएम, सीएम और केंद्रीय मंत्री के नाम का ज्ञापन देकर लाड़ली बहनों ने उनके घर पर लगाए जा रहे बिजली के लाड़ले स्मार्ट मीटर को हटाने की मांग की गई इस मौके पर सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं.

## जनसुनवाई में सुनीं जनता की समस्याएं

**सीहोर.** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिले भर से आए 51 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. जनपद कार्यालयों व ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बीपीएल कार्ड, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए. जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत उपस्थित थे.